मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह–पत्रिका, वर्ष–11, अंक–2, अप्रैल 2010

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545**

## शिमला की खूबसूरत वादियों में कामधेनु इस्पात की डीलर्स मीट









अपनी प्रतिष्ठा को नित नये आयाम देने के लिए प्रयत्नशील कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने डीलरों को सदैव कंपनी की भावी योजनाओं की जानकारी देती रहती है। ऐसे ही एक प्रयास के तहत कंपनी द्वारा हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के होटल कॉम्बरमेयर में 27 मार्च, 2010 को एक डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। कामधेनु के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जी. एम. श्री दिलीप मेहरा, जी.एम. श्री राकेश मिसरी, वी.के. गहलौत, ए.जी.एम. श्री विवेक माहेश्वरी व ए.जी. एम. (ब्रांड प्रमोशन) श्री अमित सोनी, हिम एलॉयज़ एण्ड स्टील के निदेशक श्री ए.के. अग्रवाल और रेड़ियेन्ट स्टील के निदेशक श्री एस.के. शर्मा के साथ समारोह के मुख्य अतिथि रहे। इस मीटिंग में करीब 200 लोग उपस्थित रहे।

सभा को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "आपके सहयोग से आज कामधेनु सफलता शब्द को एक नई परिभाषा दे रहा है। भारत का यह क्षेत्र हमें और आगे ले जाने के लिए अति आवश्यक है इसलिए हमें विकास के प्रति निरन्तर प्रयत्नशील रहना होगा। हमें पूरा यकीन है कि हम निकट भविष्य में देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।"

इस कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2009–10 में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलरों को उनके बेहतरीन प्रयासों के लिए पुरस्कृत भी किया गया। जहाँ पानीपत के मैसर्स जगदम्बा स्टील को वर्ष 2009–10 के प्रदर्शन के लिए सुपर डीलर अवॉर्ड मिला वहीं रामपुर बुशाहर के मैसर्स शर्मा हार्डवेयर स्टोर, पंचकुला के मैसर्स सरस्वती स्टील, रिकाँग पिओ के मैसर्स न्यू कटोच हार्डवेयर स्टोर व ज्वालाजी के मैसर्स सोनी ट्रेडर्स को एक्सक्लूसिव डीलर अवॉर्ड से नवाजा गया।

इस कार्यक्रम के आयोजन में बद्दी के मैसर्स श्री स्टील ट्रेडर्स, मोहाली के मैसर्स गुरशरण सिंह एण्ड ब्रॉदर्स, नूरपुर के मैसर्स नूरपुर ट्रेडिंग कंपनी, बलटाना के मैसर्स गोयल आयरन स्टोर, धानोतु के मैसर्स रोशन लाल तेज राम, अंबाला के मैसर्स राजीव आयरन स्टोर, नीर चौक के मैसर्स नीलधारी उद्योग, सुन्दरनगर के मैसर्स राधाकृष्णन एण्ड सन्स, चंडीगढ़ के मैसर्स जयवीर ट्रेडिंग कंपनी व संजय आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड, पंचकुला के मैसर्स विशाल स्टील सेल्स, भुनतार के मैसर्स सोनी एण्टरप्राइज़ेज़, दरी के श्री चामुण्डा माता स्टील, राजा का तालाब के मैसर्स विक्रम आयरन स्टोर तथा छतरी के मैसर्स संजय आयरन स्टोर का विशेष योगदान रहा।

# कामधेनु के शेरों ने की जिम कॉर्बेट के शेरों से मुलाकात

अपनी सालाना बैठक को और सफल बनाने व कंपनी के नेटवर्क पार्टनरों को उत्साहित करने के उद्देश्य से कामधेनु इस्पात लिमिटेड़ द्वारा गुजरात के सौराष्ट्र एवं कच्छ क्षेत्र के सभी डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स को 10 मार्च, 2010 को दो दिवसीय यात्रा पर नैनीताल के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क ले जाया गया। इस दौरान आयोजित एक औपचारिक डीलर्स मीट में डीलरों को कंपनी की भावी रणनीतियों से अवगत कराया गया। यहाँ से उनकी वापसी 13 मार्च, 2010 को हुई।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड़ के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल सहित कंपनी के जी.एम. मार्केटिंग श्री सुशील चौधरी, सीनियर मैनेज़र (ब्रांड प्रमोशन) श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेज़र






श्री विवेक त्यागी व मार्केटिंग मैनेज़र सुश्री शिविका कपिल ने इस सालाना मीटिंग में भाग लिया। गुजरात के आशियाना रोलिंग मिल प्रा. लि. के निदेशक श्री अंशुम गोयल, रुद्रपुर स्थित किच्छा के श्री बाँके बिहारी इस्पात प्रा. लि. के निदेशक श्री दीपक गोयल व श्री हर्ष गोयल इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

बैठक की शुरुआत श्री मुकेश भाई पटेल के स्वागत सम्बोधन से हुई जिसके पश्चात श्री सुशील चौधरी द्वारा भाषण दिया गया। बाद में उपस्थित सभी लोगों को श्री सुनील अग्रवाल द्वारा सम्बोधित किया गया




जिन्होनें कंपनी की रणनीतियों का खाका प्रस्तुत किया। श्री अग्रवाल ने कंपनी के डीलरों व डिस्ट्रीब्यूटर्स की प्रशंसा करते हुए उन्हें कामधेनु का शेर बताया और आशा जताई उनके सहयोग से कामधेनु इस्पात लिमिटेड बाजार में अग्रणी स्थान हासिल कर लेगी।

सभा का समापन श्री राकेश भाई पटेल के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ। मंच संचालन श्री विवेक त्यागी द्वारा किया गया। पूरी यात्रा के दौरान सभी डीलर व डिस्ट्रीब्यूटर्स बंधुओं ने खूब आनन्द किया तथा कंपनी को इतना अच्छा प्रबंध करने के लिए धन्यवाद दिया।

इस



# सब पढ़ें, सब बढ़ें... शिक्षा पाना बना मौलिक अधिकार

शिक्षा का न केवल मनुष्य के बौद्धिक विकास में वरन् देश की सम्पूर्ण उन्नति में भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात विभिन्न सरकारों द्वारा देश के शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई प्रयास किये गये हैं जिनकी सहायता से भारत में शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार हुआ। किन्तु ये प्रयास अभी काफी नहीं थे। गरीबी की मार झेल रहे परिवारों के लिए बच्चों की शिक्षा की बात करना भी बेमानी है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 1 अप्रैल, 2010 को शिक्षा का अधिकार कानून राष्ट्र को समर्पित कर एक इतिहास की रचना की। राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे इस अधिकार का पूर्ण लाभ उठा देश को मजबूत बनाएं।

अब भारत में 6–14 वर्ष के प्रत्येक बच्चे का निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा पाना मौलिक अधिकार है। हमारा देश शिक्षा को कानूनी अधिकार बनाकर विश्व के चुनिंदा राष्ट्रों में सम्मिलित हो गया है। इस कानून में कक्षा आठ तक के छात्रों को भी निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा, "सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि बिना किसी लैंगिक और सामाजिक भेदभाव के सभी बच्चों की शिक्षा तक पहुँच हो। हमारी सरकार, राज्य सरकारों की भागीदारी के साथ यह सुनिश्चित करेगी कि शिक्षा का अधिकार कानून को लागू करने में धन की कमी आड़े न आए। इस संबोधन में प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "मैं चाहता हूँ कि हर भारतीय बच्चा, लड़की और लड़का, शिक्षा की रोशनी से रोशन हो। मैं चाहता हूँ कि हर भारतीय एक बेहतर भविष्य का सपना देखे और उस सपने को पूरा करने के लिए काम करे।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड सरकार के इस प्रयास की तहेदिल से सराहना करती है व आशा करती है कि यह कानून देश के विकास को एक नई गति देगा।

इस






# कामधेनु पेंट्स ने श्रीनगर में किया डीलर्स मीट का आयोजन

जम्मू व कश्मीर में अपने वितरण एवं विक्रय नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कामधेनु पेंट्स द्वारा श्रीनगर के "होटल ललित ग्रैंड पैलेस" में एक भव्य डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल, वॉयस–प्रेसीडेन्ट (विक्रय एवं मार्केटिंग) श्री पीयूष रावत व सी.डब्ल्यू.एम. श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कामधेनु पेंट्स का प्रतिनिधित्व किया।

अभी हाल ही में कामधेनु पेंट्स ने अपने दो अति महत्वाकांक्षी उत्पादों को बाजार में उतारा है। इनमें लैड मुक्त पर्यावरण अनुकूलित जल आधारित इनेमल केमोलाइट श्रृंखला व कंस्ट्रक्शन कैमिकल शामिल हैं। कंपनी की योजना इन उत्पादों को देश भर में सुलभता से उपलब्ध कराने की है और यह क्षेत्र कंपनी के व्यवसायिक दृष्टिकोण से अतिमहत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने अपने देश भर में स्थित 26 भण्डारगृहों में से एक को इस क्षेत्र में स्थापित किया है।

सभा को सम्बोधित करते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, "व्यवसायिक संभावनाओं को देखते हुए जम्मू व कश्मीर का क्षेत्र कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमने अपने देश व्यापी 26 भण्डारगृहों में से एक को इस राज्य में स्थापित किया है। हमें इस क्षेत्र से अपने पेंट व कंस्ट्रक्शन कैमिकल उत्पादों के लिए भारी मांग प्राप्त करने की उम्मीद है।"

इस अवसर पर कामधेनु पेंट्स ने उम्दा प्रदर्शन करने वाले तीन डीलरों को भी सम्मानित किया। श्रीनगर के सोपोर क्षेत्र स्थित मैसर्स जाविद एण्ड कंपनी ने कामधेनु पेंट्स उत्पादों की सर्वाधिक बिक्री कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि यहीं के पोम्पोर क्षेत्र स्थित मैसर्स जी.ए. रेथर व मैसर्स गुलशन ट्रेडर्स ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कंपनी की उत्पादों के बारे में जानकारी देते हुए श्री रावत ने कहा, "इन दो नये उत्पादों के अतिरिक्त कामधेनु पेंट्स की पहले ही सजावटी रंगों की विस्तृत श्रंखला है। इनमें बाहरी इमल्शन, भीतरी इमल्शन, सीमेंट पेंट्स, पुट्टी, इनेमल्स, टैक्सचर पेंट्स और डिज़ाइनर फिनिशिस प्रमुख हैं। अपने ग्राहकों को अनगिनत रंगों में से उनकी पसंद चुनने की स्वतंत्रता देने के लिए कंपनी द्वारा अपने डीलरों के प्रतिष्ठानों पर कम्प्यूटराइज़्ड टिंटिंग मशीन टंक्नोलॉजी की व्यवस्था की गई है। हमने अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट उत्पाद उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत अपने डीलर बंधुओं को यह अत्याधुनिक तकनीक प्रदान की है।"








कामधेनु पेंट्स अपनी मौजूदा ब्रांड 'कलर ड्रीम्ज़' की असाधारण स्थायित्व क्षमता व उत्तम प्रदर्शन के दम पर उपभोक्ताओं की पहली पसंद के रुप में उभरा है। कंपनी अपने नये उत्पादों के साथ भी यही सफलता दोहराने के प्रति पूर्णतया आश्वस्त है।


इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# कामधेनु इस्पात लिमिटेड लाया 500D स्टील

उत्पादों के निर्माण में उच्चतम मानकों का प्रयोग कामधेनु इस्पात लिमिटेड की परम्परा रही है। कामधेनु अपने उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहती है। इसी प्रयास में सफलता का एक नया अध्याय जोड़ते हुए कंपनी अपने ग्राहकों के लिए लाई है अत्याधुनिक तकनीक द्वारा विकसित उच्चकोटि के 500D ग्रेड का टीएमटी जो सल्फ़र (S) व फ़ास्फ़ॉरस (P) नियंत्रित होता है।




टीएमटी का प्रदर्शन मुख्यतः उनकी यांत्रिक तथा रसायनिक प्रकृति पर निर्भर करता है। किसी टीएमटी की मज़बूती, लचक व पकड़ उसकी वांछित यांत्रिक प्रकृति होती हैं जिन्हें संतुलित रसायनिक मिश्रण और विभिन्न रोलिंग पैमानों को नियंत्रित कर प्राप्त किया जा सकता है। जहाँ तक रसायनिक प्रकृति का प्रश्न है, तो टीएमटी में आवश्यक रुप से सल्फ़र (S) व फ़ास्फ़ॉरस (P) दो प्रकार की हानिप्रद अशुद्धताएं पाई जाती हैं।

स्टील में फ़ास्फ़ॉरस (P) की अधिक मात्रा इसमें ठण्ड़क की कमी कर देती है जिससे अति शीत की अवस्था में स्टील के नाजुक होकर टूटने का खतरा रहता है। स्टील में सल्फ़र (S) की अधिक मात्रा इसमें गर्मी की कमी कर देती है जिससे गलन बिन्दु जैसे अत्याधिक तापमान की स्थिती में स्टील पिघल कर टूटने लगती है।

टीएमटी में विभिन्न मात्रा में मौजूद सल्फ़र (S) व फ़ास्फ़ॉरस (P) स्टील की कुछ महत्वपूर्ण प्रकृतियों जैसे लोच, भार सहने की क्षमता और जंग रोधी क्षमता इत्यादि पर दुष्प्रभाव डालती है। उच्चकोटि व नियंत्रित स्टील निर्माण शैली का प्रयोग करके इन अशुद्धियों को कम किया जा सकता है।

अपनी नये युग की निर्माण सुविधाओं में निरन्तर शोध के द्वारा कामधेनु ने स्टील में सल्फ़र (S) व फ़ास्फ़ॉरस (P) की मात्रा को समान रुप से अत्याधिक कम कर 0.075% न्यूनतम स्तर पर ले आई है। इस प्रकार के नियंत्रित वातावरण में तैयार स्टील को आधुनिकतम भारतीय सरिया मानकों के अनुसार 500D के नाम से जाना जाता है।

निर्माण के प्रत्येक चरण में कठिन नियंत्रण व उच्चतम मानकों का प्रयोग करते हुए कामधेनु ने एक बार फिर से देश की अग्रणी स्टील कंपनी होने के अपने दावे को पुख़्ता किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारी इस नवीन उपलब्धि को देश भर के ग्राहकों का पूर्ण विश्वास प्राप्त होगा व कंपनी सफलता की नई ऊँचाईयों को छूती रहेगी।

इस

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

**श्री अमित गुप्ता**
**श्री सुमित गुप्ता**
मैसर्स गुप्ता स्टील
बवाना
मो. 09801166550,
09891488824

**श्री बलबीर सिंह**
**श्री कर्मजीत**
मैसर्स भारत बिल्डिंग मैटिरियल
सामना, जिला पटियाला
मो. 9815691563

**श्री पवन कुमार झा**
C/o कीरीत मण्डल
एस.बी. गोराई रोड़,
ईस्टर्न सैन्ट्रल पार्क,
आसनसोल–713301
मो. 9339535061

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com